एक नजर में

## तपस्या में लीन रहते हुए तपस्वी अपने कर्मों का क्षय कर लेते है



**नागदा** । कर्मों की निर्जरा का उपयुक्त माध्यम होता है तप तपस्या में लीन रहते हुए तपस्वी अपने कर्मों का क्षय कर लेते हे क्यों कि तप के तपोबल से व्यक्ति परमात्मा को पा लेता हे तभी तो हर धर्म मजहब में तप की महिमा को महान बताया गया उक्त प्रेरणा दाई प्रवचन स्थानक भवन में विराजित पूज्य संयम प्रभा जी म सा द्वारा तपस्वियों के बहुमान समारोह पर आयोजित धर्म सभा में दिए आगे आपके द्वारा बताया गया कि तपस्वी सिर्फ पक्के पानी के सहारे मासक्षमण 30 दिन की तपस्या निर्विघ्न पूर्ण कर लेते हे यही असली तप का फल होता हे जो परमात्मा के आशीर्वाद से ही संभव हो पाता हे ज्ञात रहे नागदा संघ में चातुर्मास अंतर्गत 6 मासक्षमण के साथ ही 33 सामूहिक अठाई साथ ही 16 उपवास एवं 21 उपवास के तपस्वी तपस्या पूर्ण कर चुके आज श्री मति रंजना जी बरडिया के मासक्षमण 30 उपवास के अनुमोदनार्थ स्थानक भवन पर दोपहर में महिला चौबीसी का आयोजन रख महिला मंडल द्वारा प्रभु भक्ति आधारित स्तवन की प्रस्तुतिया दी महिला चौबीसी के पश्चात तपस्वी रंजना बरडिया एवं खुशी गुगलिया सहित उपस्थित सभी तपस्वी का शाल श्री फल एवं अभिनंदन पत्र भेट कर ग्रुप की मंजू चौधरी संगीता बोकड़िया रेखा जैन टी पुष्पा बरडिया द्वारा बहुमान किया गया इस अवसर पर ग्रुप द्वारा प्रभावना का वितरण किया गया

## मोहन चावड़ा पहलवान एवं साक्षी नामदेव बने चैंपियन




**धार** । इंदौर में विगत दिवस नेहरू स्टेडियम में इनक्लाइन बेंच प्रेस और कलिफ्ट चैंपियनशिप अयोजीत हुई थी इस चैंपियनशिप में धार के मसल्स फैक्ट्री जिम के मालिक मोहन चावड़ा और साक्षी नामदेव बने चैंपियनशिप जिसमें मोहन चावड़ा ने सीनियर 93 वेट कैटगरी में 130 किग्रा वेट में दूसरा स्थान प्राप्त किया और साथ ही साक्षी नामदेव ने सीनियर 55 वेट कैटगरी में 220 किग्रा वेट पीआर फर्स्ट पोजिशन प्राप्त कर धार शहर और देश का नाम गोरवनवित कर नेशनल चैंपियनशिप में अपनी जगह बनाई है

## छात्राओं को स्कूटी वितरण कार्यक्रम एवं नवीन गौशाला भूमि पूजन आज

**सरदारपुर** । छात्राओं को स्कूटी वितरण कार्यक्रम एवं नवीन गौशाला भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर जी के अतिथि में आयोजित कार्यक्रम संपन्न होगा जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष महंत श्री निलेश जी भारती की अध्यक्षता में आयोजित होगा जिसमें मंडल में निवासरथ भाजपा प्रदेश पदाधिकारी भाजपा जिला पदाधिकारी भाजपा मंडल पदाधिकारी एवं समस्त मोर्चा के अध्यक्ष एवं समस्त पार्षदगण एवं समस्त सरपंच गण वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष ओकारलाल जाट सरदारपुर



## सोमवार को झीणेश्वर महादेव का मनमोहक श्रृंगार किया

**सरदारपुर** । नगर से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्राचीन झीणेश्वर महादेव धाम पर झीणेश्वर महादेव समिति द्वारा महादेव का मनमोहक श्रृंगार किया गया। आनेवाले श्रद्धालुओं ने महाआरती में शामिल होकर धर्म लाभ लेकर प्रसादी ली गई।

## सर्व ब्राह्मण समाजजन प्रखंड स्तर पर मनाएंगे अन्नकूट महोत्सव

**सरदारपुर** । दीपावली महापर्व के बाद सरदारपुर तहसील के सर्व ब्राह्मण समाजजनो द्वारा प्रखंड स्तर पर अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। सरदारपुर तहसील के सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष रवि त्रिवेदी भोपावर ने बताया कि अमझेरा प्रखंड में 22 को, दसई और राजोद प्रखंड में 26 अक्टूबर को और 5 नवम्बर को राजगढ़ प्रखंड स्तर पर ब्राम्हण समाजजनो द्वारा अन्नकूट महोत्सव मनाए जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। जानकारी सर्व ब्राह्मण समाज के तहसील मिडिया प्रभारी लक्ष्मण तिवारी ने दी।

## हाईकोर्ट ने इंदौर के निजी अस्पतालों की जांच के आदेश दिए

**इंदौर**. हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने शहर के सभी निजी अस्पतालों में फायर एनओसी सहित अन्य जरूरी जांच कराने के आदेश जारी किए हैं. इसके साथ ही नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग को नोटिस भी दिया गया है. आदेश सोमवार को डबल बेंच के जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस विनोद कुमार द्विवेदी ने सुनवाई के दौरान दिए. याचिकाकर्ता चर्चित शास्त्री ने बताया कि हवा बंगला रोड स्थित अविरल हॉस्पिटल संचालकों ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिए अस्पताल का रजिस्ट्रेशन कराकर अवैध भवन में संचालन शुरू कर दिया था. हाईकोर्ट ने याचिका की गंभीरता को देखते हुए इसे जनहित याचिका के तहत स्वीकार किया और अवैध अस्पताल को तुरंत सीज करने तथा भर्ती मरीजों को नजदीकी किसी सरकारी या निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने के आदेश दिए.

# टाइगर की दहाड़ का असर अभी तक बरकरार

## सीएसपी की टीम ने नामचीन सटोरिए को किया गिरफ्तार

संजय बाजपेई



**धार** । धार शहर के इतिहास मे पहली बार सट्टे का अवैध कारोबार इतने लंबे समय तक बंद है इसका कारण है भाजपा के वरिष्ठ दबंग नेता विक्रम वर्मा द्वारा मंच से दी गई सट्टा जुआ बंद करने की चेतावनी । ज्ञात हो कि पूर्व मे कई दबंग व सख्त पुलिस अधिकारी धार में पदस्थ हुए परंतु कोई भी सट्टा पूरी तरह बंद नहीं कर पाया था लेकिन वर्तमान में पहली बार इतने लंबे समय तक सट्टे का अवैध कारोबार बंद है। हालांकि सटोरिए सट्टा पुन: चालू करने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं परंतु पुलिस अधिकारियों की पैनी निगाह के कारण वे अपने मंसूबे में पूरी तरह सफल नहीं हो पा रहे हैं जिसका सबूत यह है कि कल नगर पुलिस अधीक्षक सुजावल जग्गा की टीम ने पुराने एवं नामचीन सटोरिए जीनू राठौर व उसके चार साथियों को कृषि मंडी परिसर में सट्टा लिखते हुए रंगे हाथों पकड़ा इस कार्रवाई से यह साबित हो गया कि टाइगर की दहाड़ का असर अभी बरकरार है



**खबर सही साबित हुई**–गत दिनो हीं हमने बताया था कि सटोरिए दबे छुपे मोबाइल पर सट्टे का अवैध कारोबार कर रहे हैं कल जब नगर पुलिस अधीक्षक सुजावल जग्गा की टीम ने 5 सटोरियों को कृषि मंडी में सट्टा लिखते हुए रंगे हाथों पकड़ा तो हर बार की तरह इस बार फिर हमारी खबर पर सच्ची खबर की मोहर लग गई

सवाल यह खड़ा होता है कि नगर पुलिस अधीक्षक पुलिस सुजावल जग्गा को टीम भेज कर सटोरियो को पकड़वान पड़ा आखिर ऐसी स्थिति क्यों बनी । तो इसका जवाब यह है कि सूत्रों के अनुसार धार थाना कोतवाली पर पदस्थ कुछ पुलिसकर्मी उक्त सटोरिए के सरपरस्त हैं और इसी के चलते यह सटोरिया दबे छुपे फोन पर सट्टे का अवैध कारोबार कर रहा है जिसकी खबर लगते ही नगर पुलिस अधीक्षक सुजावल जग्गा की टीम ने उक्त सटोरिए को अपने चार साथियों के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया

# संघ का 100 वां वर्ष हम सबके लिए सौभाग्य और संकल्प का क्षण है –महेश यादव

**कुक्षी मे अनुशासित रूप से निकला विशाल पथ संचलन, सडक पर रंगोली बनाकर लोगों नें पुष्पवर्षा के साथ किया स्वागत**





**कुक्षी** । राष्टीय स्वंमसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य मे नगर मे रविवार को एकजुटता और अनुशासन के साथ निकला विशाल पथ संचलन यादगार बन गया।एकजुटता के साथ ब?ी संख्या स्वंमसेवको नें कदमताल करते हुए अनुशासन का पाठ प?ाया।संचलन का नगरभर मे जगह जगह भव्य स्वागत किया गया।इस मौके पर मंच पर मुख्य अतिथि बतौर विराजित रायफल शूटिंग स्वर्ण पदक विजेता श्रीमती श्रव्या अमोल सोनी, मुख्य वक्ता के रूप में मालवा प्रांत सह गौ सेवा प्रमुख महेश यादव तथा कुक्षी खंड संघ चालक जयंतीलाल सेप्टा मंचासीन थे.

संचलन का जगह जगह लोगों नें स्वागत मंच के साथ पुष्पवर्षा,आरती और स?क पर रंगोली बनाकर कर भव्य स्वागत किया।दोपहर 4 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण में एकत्रिकरण हुआ।पश्चात बौद्धिक देते हुए मुख्य वक्ता खरगोन के संघ प्रचारक महेश यादव नें कहा की

संघ का 100 वां वर्ष हम सबके लिए सौभाग्य और संकल्प का क्षण है संघ केवल संगठन का नाम नही बल्कि राष्ट्र निर्माण की एक जीवंत प्रक्रिया है.1925 से शुरू हुई यह यात्रा निरंतर आगे ब?ते हुए संघ का संगठन आज विश्व का सबसे ब?ा संगठन बन चूका है जिसने शिक्षा,सेवा,संस्कृति और सामाजिक जागरण और राष्ट रक्षा के हर क्षेत्र मे अपनी छाप छो?ी है. इन्होंने स्वयंसेवकों से कहा की राष्ट के निर्माण मे स्वदेशी के भाव के साथ स्वदेशी जीवन शैली को भी अपनाना होगा और स्व का भाव उत्पन्न हो जायेगा तों भारत को विश्वगुरु बनने से कोई रोक नही सकता.पश्चात संचलन की शुरुआत हुई जो की नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ वापस कार्यक्रम स्थल पर समापन हुआ.

**100 वर्षो की यात्रा सेवाकार्यों लगी प्रदर्शनी**

कार्यक्रम स्थल पर संघ की 100 वर्षो की यात्रा सेवाकार्यों एवं पंच परिवर्तन विषयों पर प्रदर्शनी लगाई गई थी जिसमें गौ उत्पाद की प्रदर्शनी सुन्द्रेल निवासी देवीलाल पाटीदार द्वारा लगाई गई साथ ही स्वदेशी वस्तुओ, आरोग्य भारती, पर्यावरण विभाग एवं सेवा भारती की प्रदर्शनियों को सब निहारकर लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे थे.

**संचलन मे परिवार की तीन पी?ीयां हुई शामिल***

एकजुटता और अनुशासनके साथ समाज को सकारात्मक संदेश देते हुए पथ संचलन मे वरिष्ठ समाजसेवी लुणकरणजी गुप्ता के गुणवाले परिवार की तीन पी?ीया शामिल हुई.इसमें संघ के वरिष्ठ लुणकरणजी गुप्ता के साथ पुत्र दीपक और पौत्र नमन गुप्ता भी शामिल हुए.




## 35 एप और ई-अटेंडेंस में उलझे शिक्षक, शिक्षा की गुणवत्ता के लिए मोबाइल प्रतिबंधित करे

धार। ई-अटेंडेंस के अनियंत्रित क्रियान्वयन और अपमानजनक व्यवस्था का शिक्षक लगातार विरोध करते आ रहे हैं। इसी क्रम में जिला मुख्यालय धार में मंगलवार शाम को संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर बड़ी संख्या में शिक्षकों ने एकत्रित होकर कलेक्टोरेट में प्रशासनिक अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और पुरानी पेंशन देने सहित ई-अटेंडेंस व्यवस्था को समाप्त करने की मांग की गई। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर शिक्षकों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भी सौंपा गया।

मप्र ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी इरफान मंसूरी ने बताया कि? एनएमओपीएस के जिला अध्यक्ष कमल किशोर जाट, ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शैलेष मालवीय,आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर, राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सोलंकी, राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल जोशी, मप्र शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार शास्त्री, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजेश मेढ़ा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना दुबे और रीता गोयल आदि के नेतृत्व में शिक्षकों ने ई- अटेंडेंस को पूर्ण रूप से अव्यावहारिक, अमानवीय और अपमानजनक बताते हुए इसे समाप्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ई- अटेंडेंस को शिक्षकों के लिए अपमानजनक व्यवस्था बताते हुए समाप्त किया था। अब प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भी आग्रह करते हैं कि वह भी इस व्यवस्था को समाप्त कर शिक्षकों को राहत प्रदान करें। शिक्षकों ने कहा कि फिर भी यदि इसे लागू करना है तो सभी विभागों में करें।

एक नजर

**आत्मनिर्भर भारत का रास्ता गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं की भागीदारी से होकर जाता है – केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर**

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत सम्मेलन संपन्न

**स्वदेशी उत्पादों का मतलब कम कीमत, अधिक शक्ति है – जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती**

**भारत प्राचीनकाल से ही आत्मनिर्भर रहा है – विधायक नीना वर्मा**





**धार। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी बचत उत्सव के तहत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय धार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्र सरकार में मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर, अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती व विशेष अतिथि के रूप में धार विधायक श्रीमती नीना वर्मा, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान जिला संयोजक प्रेमचंद परमार जीएसटी बचत उत्सव संयोजक मोहित ताते? मंचासीन रहे।**

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र एवं पित्र पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम विधिवत आरंभ किया गया। सम्मेलन में व्यापारी,किसान, उपभोक्ता, जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए।

इस दौरान सम्मेलन में प्रबुद्ध नागरिक व कार्यकर्ताओं ने जब बाजार जाएंगे, माल स्वदेशी लाएगे, अपना घर स्वदेशी घर, अपनी दुकान, स्वदेशी दुकान, अपना जिला स्वदेशी जिला और घटी जीएसटी, मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार के नारे लगे और तालिया की गड़गड़ाहट से सभा स्थल गूंजता रहा।

श्रीमती सावित्री ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अब तीसरे स्थान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आत्मनिर्भर भारत का रास्ता गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं की भागीदारी से होकर जाता है। पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को आत्मसात करते हुए हम आत्मनिर्भर बन रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज बीजेपी वट वृक्ष बन चुकी है पीएम मोदीजी की हर योजना की राशि लाभार्थी के सीधे खाते में जा रही है जिससे प्रत्येक व्यक्ति आत्मनिर्भर बन रहा है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का मानना था कि आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित होनी चाहिए। जब तक यह स्वदेशी नहीं होगी, यह न तो हमारी स्वतंत्रता की रक्षा कर सकती है और न ही न्याय की गारंटी दे सकती है। आज भाजपा सरकार इसी मंत्र पर चलते हुए स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है। %मेक इन इंडिया% से लेकर %स्टार्टअप इंडिया%, %वोकल फॉर लोकल% से लेकर %आत्मनिर्भर भारत% तक हर पहल का लक्ष्य यही है कि हम विदेशी निर्भरता कम करें और स्वदेशी उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाएं।

निलेश भारती ने कहा की जब हम अपने उद्योगों को मजबूत करते हैं, कौशल और तकनीक को बढ़ावा देते हैं, तो हम न सिर्फ आत्मनिर्भर बनते हैं बल्कि दुनिया को भी अपनी शक्ति का परिचय देते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का भी मानना है कि ऋस्वदेशी उत्पादों का मतलब कम कीमत, अधिक शक्ति है।ऋ मोदी सरकार जनधन खाते के माध्यम से देश में 50 करोड़ से अधिक खाता खोले गए प्रधानमंत्री आवास 3 करोड़ से अधिक लोगों को प्राप्त हुआ उज्वला योजना से 10 करोड परिवार लाभान्वित हुए आयुष्मान भारत कार्ड से देश में 37 करोड लोगों ने मुफ्त में इलाज कराया देश में 80 करोड लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरण तथा 5 लाख तक निशुल्क इलाज करवा रही है। विधायक श्रीमती नीना वर्मा ने कहा कि भारत प्राचीनकाल से ही आत्मनिर्भर रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार ने धीरे-धीरे उद्योग योजनाओं के माध्यम से प्रदेश आत्मनिर्भर बन रहा है केंद्र की लखपति दीदी योजना के माध्यम से 3 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनने के साथ ही महिला भी आत्मनिर्भर होगी आज देश में सुई से लेकर मिसाइल तक भारत में बन रही हैं। सम्मलेन में अभियान जिला सह संयोजक राकेश चौहान व अनामिका ठाकुर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम और जयराज देव?ा सहित नगर पदाधिकारी उपस्थित थे। संचालन सुभाष जायसवाल ने किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।